

जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक


# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965

www.hamarawatan.in FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी
मो: 9352734588

वर्ष- 57 | अंक-41 | जयपुर, सोमवार, 1 नवम्बर, 2021 | वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) | पृष्ठ संख्या 4


(कविता)

## आओ हिल मिल दीप जलाएं






योगिता शर्मा
प्रिंसिपल, वेदांता इंटरनेशनल स्कूल


आओ हिल मिल हम दीप जलाएं
दीपों का उत्सव है आया
हर आंगन खुशियाँ है लाया
आज कोना कोना है जगमगाया

आओ हिल मिल हम दीप जलाएं
दीपों का उत्सव है आया
सुख समृद्धि की सौगात है लाया
भाईचारे का संदेश है लाया

आओ हिल मिल हम दीप जलाएं
दीपों का उत्सव है आया
हर चेहरे पर मुस्कान है लाया
बाज़ारों में रौनक है लाया

आओ हिल मिल हम दीप जलाएं
दीपों का उत्सव है आया
चारों ओर फैला है उजियारा
दूर हुआ आज है अँधियारा

आओ हिल मिल हम दीप जलाएं
दीपों का उत्सव है आया
कलियों में रंग है समाया
गुलों पर जोबन है आया

आओ हिल मिल हम दीप जलाएं
सुंदरता ने जाल है बिछाया
भँवरे ने गीत है गाया
मुल्क में खुशी का सैलाब है आया

आओ हिल मिल हम दीप जलाएं
दीपों का उत्सव है आया।

# दिवाली महापर्व का आगाज 2 नवंबर से

## धनतेरस, महालक्ष्मी पूजा, गोवर्धन पूजा और भैया दूज

(हमारा वतन) दिवाली के महापर्व को बड़े ही धूम- धाम से मनाया जाता है। दिवाली का आगाज 2 नवंबर, धनतेरस से हो रहा है। धनतेरस से लेकर भैया दूज तक दिवाली का महापर्व मनाया जाएगा। दिवाली के पावन दिन भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की विधि- विधान से पूजा- अर्चना की जाती है।



**धनतेरस, 2 नवंबर-**

धनतेरस से दिवाली के पावन पर्व की शुरुआत हो जाती है। हिंदू पंचांग के अनुसार, कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को धनतेरस मनाया जाता है। इस साल धनतेरस 2 नवंबर 2021, दिन मंगलवार को पड़ रहा है।

**महालक्ष्मी पूजा, 4 नवंबर-**

इस साल महालक्ष्मी पूजा 4 नवंबर को है। कार्तिक मास की अमावस्या के दिन महालक्ष्मी पूजा होती है। इस पावन दिन विधि- विधान से मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। इस दिन विधि- विधान से भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की पूजा- अर्चना की जाती है।

**गोवर्धन पूजा, 5 नवंबर-** इस साल 5 नवंबर को गोवर्धन पूजा है। इसे देश के कुछ हिस्सों में अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं। गोवर्धन पूजा के दिन भगवान कृष्ण, गोवर्धन पर्वत और गायों की पूजा की जाती है। गोवर्धन पूजा के दिन 56 या 108 तरह के पकवानों का श्रीकृष्ण को भोग लगाना शुभ माना जाता है।

**भाई दूज, 6 नवंबर-**

इस साल 6 नवंबर को भाई दूज है। दीपावली महापर्व का अंतिम पर्व भाई दूज है। भाई दूज का त्योहार भाई-बहन के अपार प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। इसे यम द्वितीया या भातृ द्वितीया भी कहते हैं।

**लक्ष्मी पूजा का शुभ मुहूर्त**
लक्ष्मी पूजा बृहस्पतिवार, नवम्बर 4, 2021 पर
लक्ष्मी पूजा मुहूर्त -18:10:29 से 20:06:20 तक
अवधि -1 घंटे 55 मिनट
प्रदोष काल - 17:34:09 से 20:10:27 तक
वृषभ काल - 18:10:29 से 20:06:20 तक
अमावस्या तिथि प्रारम्भ - नवम्बर 04, 2021 को 06:03 बजे
अमावस्या तिथि समाप्त - नवम्बर 05, 2021 को 02:44 बजे





सभी देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
हनुमान सहाय दुसाद
पूर्व जिला परिषद सदस्य
सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत देवथला
चेयरमैन-जीआईसी एंड ओएसके स्कूल निवाणा
मो. 9829291756

न्यू शाईन इंटरनेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल



सह शैक्षिक अंग्रेजी व हिंदी माध्यम विद्यालय
सभी देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



गोवर्धन लाल सैनी
संरक्षक

NSIS



रामकरण इंदौरा
निदेशक

कक्षा नर्सरी से 12वीं तक
प्रवेश प्रारंभ 2021-22
फाउंडेशन क्लासेज 11वीं -12वीं, आईआईटी, जेईई, नीट, ओलंपियाड
01423-223923, 9352515126, 9352469438, 9950206015
राहुल सैनी-सचिव
इंदौरा कॉलोनी, वार्ड नंबर 44, रींगस रोड, चौमूं जयपुर

सभी देशवासियों को दीपावली महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
राधे कृष्णा कंप्यूटर इंस्टिट्यूट एंड ट्रेनिंग सेंटर
राधे कृष्णा लाइब्रेरी | LSBC Foundation
आदर्श विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बाबूलाल माहेश्वरी पेट्रोल पंप के पीछे, थाना मोड़, चौमूं, जिला - जयपुर (राजस्थान)





Course: RSCIT, TALLY WITH GST, ADVANCE EXCEL, PGDCA, CCC, PHOTOSHOP, JAVA, C, C++, WEB DESIGN, DOMESTIC DATA ENTRY OPERATOR.
Distence: B.A., B.COM., B.SC., M.COM., M.A., M.SC., ITI, LLB, DMLT, MBA, MCA,BCA.
Facilities- Library, Wifi
New Batch Start from Ist November 2021
डायरेक्टर- कौशल कुमार योगी
मो. 9549691111

आम आदमी पार्टी चौमूं की ओर से दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं



अरविंद केजरीवाल
राष्ट्रीय संयोजक एवं मुख्यमंत्री दिल्ली






श्रवण सैनी
अध्यक्ष आम आदमी पार्टी चौमूं




जितेंद्र सैनी



बनवारी लाल शर्मा



प्रभात बराला



मोहन गुलिया

देवी लाल मेमोरियल आई हॉस्पिटल
24x7 इमरजेंसी सेवाएं | ISO: 9001-2015 (Certified Eye Hospital) | (फेको सर्जरी सेन्टर)
Center-1 Railway Station Road, Chomu (Jaipur) 8442080910, 8740080910
Center-2 Danta Road, Ki-Renwal (Jaipur) 9602587835, 9530093030



Dr. Sunita Kumawat
(Glaucoma & Phaco Surgeon)
M.B.B.S., M.S. (Ophthalmology)

Dr. V.K. Gupta (Ophthalmologist) M.B.B.S., M.S. (Ophthalmology)
Dr. Ishrat Samdani (Ophthalmologist) M.B.B.S., M.S. (Ophthalmology)
Dr. Sunil Thakur (Retina Specialist) M.B.B.S., M.S. (Ophthalmology)
Dr. Deepak Goyal (Squint Specialist) M.B.B.S., M.S. (Ophthalmology)

CATARACT (TOPICAL PHACO)
GLAUCOMA · PTERYGIUM
DACRYOCYSTITIS · RETINA
O.C.T. · PERIMETRY
YAG-LASER · REFRACTION
ROP SCREENING · FUNDUS



विमल कुमावत (निदेशक)
मो.6376957834




सभी देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

## राष्ट्रीय एकता दिवस का सेलिब्रेशन

# एकजुट रहेंगे तभी आगे बढ़ेंगे,देशहित की चिंता सभी की जिम्मेदारी:पीएम मोदी

गांधीनगर(एजेंसी)। देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत के लिए जिसने जीवन का हर पल समर्पित किया, ऐसे राष्ट नायक सरदार वल्लभभाई पटेल को आज देश अपनी श्रद्धांजलि दे रहा है। सरदार पटेल जी सिर्फ इतिहास में ही नहीं बल्कि हम देशवासियों के हृदय में भी हैं। मोदी ने कहा कि एकजुट रहेंगे, तभी आगे बढ़ पाएंगे। देशहित की चिंता करना, हम सभी की जिम्मेदारी है। रिकॉर्डेड वीडियो संदेश में पीएम मोदी ने कहा, भारत सिर्फ एक भौगोलिक इकाई नहीं है बल्कि आदर्शों, संकल्पनाओं, सभ्यता, संस्कृति के उदार मानकों से परिपूर्ण राष्ट्र है। धरती के जिस भूभाग पर हम 130 करोड़ से अधिक भारतीय रहते हैं वो हमारी आत्मा, सपनों, आकांक्षाओं का अखंड हिस्सा है। हमें ये याद रखना है कि नाव में बैठे हर मुसाफिर को नाव का ध्यान रखना ही होता है। हम एक रहेंगे तभी आगे बढ़ पाएंगे, देश अपने लक्ष्यों को तभी प्राप्त कर पाएगा।



### देशवासियों के दिल में हैं सरदार

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लौह पुरुष की प्रेरणा से आज देश हर चुनौती से निपटने में सक्षम है।

PM नरेंद्र मोदी

### एकता को संजोने वाले आदर्शों को नई ऊंचाई दी

मोदी ने कहा कि पिछले 7 वर्षों में देश ने दशकों पुराने अवांछित कानूनों से मुक्ति पाई है। राष्ट्रीय एकता को संजोने वाले आदर्शों को नई ऊंचाई दी है। जम्मू-कश्मीर हो, पूर्वोत्तर हो या हिमालय का कोई गांव आज सभी प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। बीते वर्षों में जो अनेक रिफॉर्म किए गए हैं उनका सामूहिक परिणाम है कि भारत निवेश का एक आकर्षक डेस्टिनेशन बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजाद भारत के निर्माण में सबका प्रयास जितना तब प्रासंगिक था, उससे कहीं अधिक आजादी के इस अमृतकाल में होने वाला है। आजादी का ये अमृतकाल, विकास की अभूतपूर्व गति का है, कठिन लक्ष्यों को हासिल करने का है। ये अमृतकाल सरदार साहब के सपनों के भारत के नवनिर्माण का है।

### देश की युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिले

अमित शाह ने कहा कि जब देश में 2014 में बदलाव हुआ, मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी तब 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। ये इसलिए किया गया कि वर्षों तक आजादी के लिए सरदार पटेल ने जो संघर्ष किया, वो देश की युवा पीढ़ी को प्रेरणा देता रहे। किसी भी बात को बेबाक तरीके से रखने में जरा भी झिझकते नहीं थें, इसलिए आज जब भारत माता अखंड स्वरूप देख रहे हैं, वो केवल और केवल सरदार के कर्म का ही नतीजा है।

### शाह बोले- केवड़िया तीर्थ स्थान बन गया है

वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने केवड़िया में कहा कि सरदार पटेल की दी हुई प्रेरणा ने ही आज देश को एक और अक्षुण्ण रखने का कार्य किया है। आज उनकी प्रेरणा देश को आगे ले जाने में, हमें एकजुट रखने में सफल हुई है। उन्होंने कहा कि केवड़िया किसी जगह का नाम नहीं है, ये तीर्थ स्थान बन गया है। राष्ट्र की एकता का तीर्थ स्थान, देश भक्ति का तीर्थ स्थल और आज ये आसमान को छूने वाली स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पूरी दुनिया को संदेश दे रही है कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है। शाह ने कहा, हरिवंश राय बच्चन ने सरदार साहब के लिए एक कविता लिखी थी- पटेल देश का निगहबान हैं, पटेल देश की निडर जबान हैं।



## गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज का दीपावली स्नेहमिलन एवं अन्नकूट महोत्सव कार्यक्रम का होगा आयोजन

जयपुर (हमारा वतन) महर्षि गौतम गुर्जरगौड़ ब्राह्मण विकास समिति के तत्वाधान में नव दुर्गा मंदिर के पास चौमूं में आयोजित सामाजिक मीटिंग में यह निर्णय लिया गया की 7 नवंबर 2021 रविवार को गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज का दीपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव कार्यक्रम चौमूं में आयोजित किया जाएगा। जिसमें चौमूं क्षेत्र के आस पास के समाज के सभी परिवार एक साथ एक स्थान पर एकत्रित होकर माता लक्ष्मी एवं अपने आराध्य देव महर्षि गौतम की पूजा-अर्चना कर अन्नकूट पंगत प्रसादी का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के संरक्षक गोवर्धन लाल उपाध्याय ने बताया की समाज में आपसी प्रेम व्यवहार एवं पारिवारिक मिलन के इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष रतनलाल चाष्टा ने बताया की समाज को एकजुट करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा । इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष महेश गुर्जरगौड़ बाय वाले ने बताया की समिति का मुख्य उद्देश्य समाज को एक करना है, सभी समाज बंधुओ से अपील की है कि गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज का सदस्य, इस स्नेह मिलन अन्नकूट महोत्सव कार्यक्रम में जरूर भाग लेकर तन, मन ,धन से सेवा कर पुण्य का फल प्राप्त कर सकता है ।



## भागवत कथा पर पौधा लगाना पुण्य का कार्य

उत्तराखंड (हमारा वतन) टिहरी जनपद के विकासखंड जौनपुर सकलाना पट्टी ग्राम रिंगालगढ़ में आयोजित भागवत कथा में पहुंचे पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने कथा वाचक व्यास अनुज उनियाल व पंडित कुंदन लाल उनियाल को फलदार आंवला का पौधा उपहार में भेंट किया तथा कुंदन सिंह पंवार ने भागवत कथा के समापन पर वृक्ष मित्र अभियान के तहत अपने पितरों के नाम पर पौधों का रोपण किया।

पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने कहा पर्यावरण संरक्षण करना सबका दायित्व है हमारे कोई भी आयोजन हो उस दिन को यादगार बनाते हुए एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि जिनके नाम का आयोजन किया जा रहा है उनकी यादें एक पेड़ के रूप में जिंदा रहे।

कथा वाचक अनुज उनियाल ने कहा हमारे धार्मिक ग्रंथों में भी पेड़ पौधों का ज़िक्र हैं सबसे पुण्य का काम अपने पितरों के नाम पर पौधें लगाना हैं वृक्षमित्र डॉ सोनी पैदल होते हुए भागवत कथा रिंगालगढ़ पहुंचे जहां इस गांव में उनके द्वारा पौधे उपहार में देने व पौधे लगाने का संदेश दिया गया जो बहुत ही प्रशंसनीय कार्य हैं । हीरा सिंह पंवार ने रोपित पौधों को जीवित रखने का संकल्प लिया।

पौधारोपण में गिरीश चंद्र कोठियाल, राकेश सिंह, कुंदन सिंह पंवार, हीरा सिंह पंवार, शैलेंद्र सिंह, गौरव तिवारी, मुकेश सिंह, महावीर धनोला, बबलू सिंह, रोशनी देवी, नीमा देवी, प्रीति देवी, दर्शनी देवी आदि मौजूद रहे।

### नगर पालिकाओं में 2525 पदों पर भर्ती: जूनियर असिस्टेंट से चौकीदार तक रखेंगे, 26 नई नगर पालिकाओं में पोस्ट क्रिएट करने की मंजूरी

जयपुर (नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 26 नई नगर पालिकाओं में अलग-अलग लेवल के 2525 पोस्ट क्रिएट करने की मंजूरी दी है। युवाओं को रोजगार का मौका मिलेगा। बाड़मेर की राजस्थान रिफाइनरी के लिए भी गहलोत ने 150 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बजट प्रावधान मंजूर किया है। सरकार का कहना है कि इससे रिफाइनरी का काम गति पकड़ेगा।

## पंडित रविन्द्राचार्य ने किया सिद्धि विनायक मोबाइल के लक्की ड्रा ऑफर का शुभारंभ

चौमूं (हमारा वतन) शहर के थाना मोड, सहारा काम्प्लेक्स स्थित सिद्धि विनायक मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स पर लकी ड्रा ऑफर का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य के कर कमलों से संपन्न हुआ । पंडित रविंद्र आचार्य ने स्मार्टफोन ग्राहक को कूपन और गिफ्ट हैंपर देकर लकी ड्रा ऑफर का शुभारंभ किया । सूचना पाकर ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी ।




इससे पूर्व शॉप संचालक विनोद कुमार शर्मा और रामलाल सैनी द्वारा पंडित रविंद्र आचार्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्र वशिष्ट, युवा नेता कमलेश संत और शुभम का तिलक और माला पहनाकर स्वागत और सम्मान किया ।

शॉप संचालक विनोद कुमार शर्मा और रामलाल सैनी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारे द्वारा दीपावली के अवसर पर स्मार्टफोन ग्राहकों को गारंटीड उपहार के साथ लकी ड्रा का कूपन दिया गया है । यह ऑफर आज से भाई दूज तक चलेगा । विजेताओं को 5100, 2100, 1100 और 500 रूपए के नगद पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे ।

### ब्राह्मण समाज ने डॉ आर के सैनी को चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट 10 वर्ष पूर्ण करने पर किया सम्मानित



जयपुर (हमारा वतन) ब्राह्मण समाज राजस्थान जयपुर जिला देहात के द्वारा जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने डॉ आर के सैनी को चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट 10 वर्ष पूर्ण करने पर माला, शॉल व अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया ।

इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने जन सेवा का कार्य करते रहने की शुभकामनाएं दीं । इस अवसर पर जिला महासचिव बनवारी लाल शर्मा, जिला संगठन मंत्री पंडित रामस्वरूप शर्मा, डॉ पवन कुमार तिवाडी, राहुल शर्मा, डॉ सीताराम कुमावत, सीएम सैनी, दीपक कुमावत, डॉ अमन आदि लोग उपस्थित रहे ।

## प्रशासन गांवों एवं शहरों के संग अभियान से आमजन की समस्याओं का हो सकेगा त्वरित समाधान - मुख्यमंत्री



जयपुर (हमारा वतन) मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश में 2 अक्टूबर से चलाये जा रहे प्रशासन गांवों एवं शहरों के संग अभियान से आमजन की समस्याओं का समाधान त्वरित गति से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता की जिम्मेदारी अभियान से जुड़े सभी 22 विभागों के अधिकारियों पर है। प्रत्येक विभाग के अधिकारी पूर्ण गंभीरता के साथ अभियान को सफल बनाएं।

गहलोत सीकर जिले की फतेहपुर पंचायत समिति के गारिण्डा ग्राम में प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत आयोजित शिविर का निरीक्षण कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद और प्रेम हमें सुशासन के लिए प्रेरित करता है। हमारा कर्तव्य है कि हम समर्पण भाव के साथ जनता की सेवा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कैम्प के माध्यम से नामान्तरण खोलने, बंटवारे, खातों का शुद्धिकरण, आबादी विस्तार, आपसी सहमति से खाते विभाजन, रास्ते के विवाद जैसे महत्वपूर्ण काम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत सीकर जिले में अच्छा काम हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व विधायक भंवरू खां को याद किया और कहा कि उन्होंने आपके क्षेत्र की अच्छी तरह से पैरवी की। उन्होंने कहा कि जब-जब भी कलम चली तो मैंने फतेहपुर का विशेष ध्यान रखा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना का जैसा प्रबंधन राजस्थान में हुआ उसकी सराहना देश-दुनिया में हो रही है। अब चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना के तहत आमजन का 5 लाख रूपये का बीमा करवाया जा रहा है।

इस योजना के तहत भर्ती मरीजों को कैशलेस उपचार की सुविधा मिल रही है।

सरकार ने किसानों के कर्ज माफ किये हैं। अगले साल किसानों के लिए अलग से बजट ला रहे है। राजस्थान में हमारी सरकार ने इंग्लिश मीडियम के स्कूल खोले हैं । हमने तय किया है कि जहां 5 हजार की आबादी होगी, वहां ये स्कूल खोल दिये जायेंगे। हमारी सरकार ने 123 नए कॉलेज खोले हैं, इनमें 33 कॉलेज महिलाओं के लिए हैं। इस अवसर पर उन्होंने गारिण्डा पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत करने की घोषणा की।

## अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्राचार्य ने की राज्यपाल को 'ज्योतिष सार संग्रह' पुस्तक भेंट

जयपुर (हमारा वतन) अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता और तारा ज्योतिष केंद्र के अध्यक्ष पंडित रविंद्राचार्य ने राजभवन में राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र से शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल के साथ रविंद्राचार्य ने भविष्यवाणी और ज्योतिष फलादेश पर चर्चा की । शिष्टाचार भेंट के दौरान पंडित रविंद्राचार्य ने स्वयं द्वारा लिखित पुस्तक ज्योतिष सार संग्रह राज्यपाल महोदय को भेंट की ।



साथ में श्याम दुपट्टा भी भेंट किया ।पंडित रविंद्राचार्य ने बताया कि पुस्तक में सरल पद्धति से ज्योतिष व अंकगणित के बारे में संपूर्ण जानकारी दी हुई है। इस दौरान पंडित रविंद्र आचार्य ने गोविंद जायसवाल आईएएस, सुधीर कुमार आईएएस व राहुल भार्गव एडीसी राज्यपाल का भी सम्मान किया । सम्मान स्वरूप बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर, श्याम कलम देकर इनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस दौरान विप्र सेना के प्रदेश प्रवक्ता सुनील शर्मा,डॉ. जी एल शर्मा, राकेश गुर्जर, राहुल दाधीच और अमित शर्मा भी उपस्थित रहे।


### सीएम सैनी बने विराज फाउण्डेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष

चौमूं (हमारा वतन) विराज फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने श्याम कॉलोनी, रेलवे स्टेशन रोड, चौमूँ निवासी सी एम सैनी को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति पत्र भेंट कर मनोनीत किया । इस दौरान सीएम सैनी ने कहा कि फाउंडेशन के द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है ,उसे मैं पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निभाउंगा। इस दौरान प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, जिला संगठन मंत्री पंडित रामस्वरूप शर्मा, चोमू नगर अध्यक्ष डॉ सीताराम कुमावत, डॉ आरके सैनी, राहुल शर्मा, दीपक कुमावत, डॉ अमन आदि लोग उपस्थित रहे ।




दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

रामलाल शर्मा
विधायक चौमूं
भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राजस्थान

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

भगवान सहाय सैनी
पूर्व विधायक चौमूं

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

विष्णु कुमार सैनी
अध्यक्ष - नगर पालिका चौमूं

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

छुट्टन यादव
प्रदेश महामंत्री
राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

जगविन्द्र कौर
निदेशक
गोल्डन बेल्स एकैडमी
अध्यक्ष
वीमन वेलफेयर सोसाइटी चौमूं

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं


डॉ. शिखा मील
अध्यक्ष- प्रयास फाउंडेशन, चौमूं
स्त्री प्रसूति रोग एवं आई वी एफ विशेषज्ञ
बराला हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर,चौमूं

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

रुक्मणी कुमारी
प्रदेश अध्यक्ष
ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस राजस्थान
निदेशक- स्टार फाउंडेशन,चौमूं

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ सुरेश कुमार सैनी
निदेशक
श्री डेंटल एंड जनरल हॉस्पिटल,चौमूं
अध्यक्ष- श्री फाउंडेशन,चौमूं




# आलिया भट्ट

## कब बनेंगी रणबीर कपूर की दुलहनिया? मां सोनी राजदान ने दिया ये जवाब



आलिया भट्ट और रणबीर कपूर बी-टाउन के सबसे क्यूट कपल में से एक हैं। इनकी शादी को लेकर अफवाहें पिछले काफी समय से हैं। इसी बीच एक बार फिर से इस कपल की शादी की योजनाओं को लेकर एक अपडेट सामने आई है, जिसमें ये दावा किया जा रहा है इसी साल अगले महीने नवंबर में रणबीर और आलिया जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। अब इस पर आलिया की मां सोनी राजदान का रिएक्शन सामने आया है।

**सोनी राजदान का रिएक्शन**-सोनी राजदान ने बॉलीवुडलाइफ से बात करते हुए कहा कि उन्हें इस बारे में कुछ नहीं पता है कि ये शादी कब होगी। वह भी औरों की तरह इस शादी का इंतजार कर रही हैं। हालांकि उन्होंने आगे गुड न्यूज देते हुए ये इशारा करते हुए बताया कि अभी शादी में थोड़ा समय है। फ्यूचर में दोनों की शादी होनी तय है , लेकिन कब यह मुझे भी नहीं पता है। आशा करती हूं कि जब भी आलिया दुल्हन बनेगी तो आपको उसके एजेंट का कॉल आएगा, लेकिन अभी कुछ कहना थोड़ा मुश्किल है।



**आलिया-रणबीर की शादी को लेकर आई थी ये खबर**-आपको बता दें कि डेक्कन क्रॉनिकल ने अपने सूत्र के हवाले से बताया था कि, आलिया और रणबीर दोनों ने नवंबर से लेकर जनवरी के पहले कुछ दिनों तक खुद को कुछ दिनों के लिए फ्री रखा है। पोर्टल ने बताया है कि कपूर जल्द ही अपनी शादी की घोषणा करेंगे। इतना ही नहीं रिपोर्ट में ये सूत्रों के हवाले से दावा किया गया था कि रणबीर ने एनिमल की शूटिंग और शमशेरा के प्रमोशन डेट का आगे बढाकर 2022 तक कर दिया है।

## प्रियंका चोपड़ा को टक्कर दे रहीं 'बंटी और बबली 2' की शरवरी वाघ, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी की हैं पोती

बंटी और बबली 2 की ऐक्ट्रेस शरवरी वाघ कोई आम हस्ती नहीं बल्कि एक बड़े पॉलिटिकल खानदान से ताल्लुक रखती हैं। इतना ही नहीं कहा यह भी जा रहा है कि शरवरी विक्की कौशल के परिवार का हिस्सा भी बन सकती हैं।

**कौन हैं शारवरी वाघ, जिन्होंने बिकीनी पहन प्रियंका चोपड़ा को दी टक्कर**-यशराज फिल्म्स की बंटी और बबली 2 की ऐक्ट्रेस शरवरी वाघ इस वक्त सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में वह ठग बबली के किरदार में दर्शकों का मनोरंजन करती दिखेंगी। हालांकि, फिलहाल शरवरी चर्चा में हैं अपने बिकीनी वाले उस लुक की वजह से जिसमें वह प्रियंका चोपड़ा की कॉपी करती नजर आ रही हैं। दरअसल शरवरी का बिकीनी वाला अंदाज फैन्स को फिल्म दोस्ताना में नजर आई बिकीनी में प्रियंका चोपड़ा की याद दिला रहा है। बता दें कि शरवरी पॉलिटिकल फैमिली से ताल्लुक रखती हैं और विक्की कौशल के भाई को लेकर भी चर्चा में हैं।



**एक बड़ी पॉलिटिकल फैमिली से है ताल्लुक**-शरवरी इससे पहले पिछले साल रिलीज़ हुई कबीर खान निर्देशित वेब सीरीज़ द फॉरगॉटेन आर्मी में नजर आई थीं और अपने रोल के लिए उन्हें जमकर तारीफें भी मिलीं। शरवरी किसी आम फैमिली से नहीं बल्कि एक बड़ी पॉलिटिकल फैमिली से ताल्लुक रखती हैं।

**महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी की पोती**-इस फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने जा रहीं शरवरी महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी की पोती हैं। शरवरी 14 जून 1996 मुंबई में जन्मीं और 16 साल की उम्र में मॉडलिंग में कदम बढ़ाया।

## सिमी गरेवाल के शो में जब रवीना टंडन ने किया रोने से इंकार, कहा-तमाशा क्यों बनाऊं

नब्बे के दशक में मशहूर अभिनेत्री रवीना टंडन अपनी एक्टिंग से लोगों को दिवाना कर देती थीं, हालांकि अब फिल्मों से दूर रहने के बाद अब वह बी-टाउन में अपनी मद मस्त अदा और स्टाइल के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस के जन्मदिन के खास मौके पर आइए जानते हैं उनके बारें में कुछ खास..

**जब सिमी गरेवाल के शामिल हुई रवीना**-90 के दशक में रवीना एक तरफ जहां बॉलीवुड में अपनी कामयाबी के झंडे गाड़ रही थीं तो वहीं दूसरी ओर वह पर्सनल लाइफ में उनता ही उथल-पूथल मचा हुआ था। इस बात खुलासा तब हुआ जब उन दिनों रवीना एक्ट्रेस सिमी ग्रेवाल का सुपरहिट शो 'रैंदवू विद सिमी ग्रेवाल' में शामिल हुई थी। इस शो में रवीना ने अपनी लाइफ से जुड़े हर पहलू पर बात की , जिसमें बॉलीवुड से संन्यास, लव- ब्रेकअप इसके अलावा बहुत कुछ शामिल है। 2011 में रवीना जब इस शो में मेहमान बनकर शामिल हुई थी तो वह मायूस और टूटी हुई नजर आई। रवीना के चेहरे पर छाई मायूसी को देखकर जब सिमी ने एक्ट्रेस से कहा कि तुम चाहें तो अपना दिल हल्का कर सकती हैं, तो रो सकती हो, लेकिन रवीना ने ऐसा करने से इनकार कर दिया।



**जब शो में सिमी ने रवीना को रोने के लिए कहा** - इस बात खुलासा रवीना ने 'iDiva' की बातचीत में खुद किया और सिमी के इंटरव्यू को याद करते हुए बताया कि कैसे सिमी ने उन्हें रोने के लिए कहा था। अपने डिसीजन को लेकर रवीना ने बताया कि सिमी चाहती थी कि मैं दुनिया के सामने अपना सॉफ्ट कॉर्नर रखूं, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया क्योंकि मैं दुनिया के सामने क्यों रोऊं और क्यों अपनी कमजोरी को दिखाऊं।

# निम्स हॉस्पिटल में हुआ पित्त की थैली की पथरी और गांठ का मुफ्त ऑपरेशन



जयपुर (हमारा वतन) पित्त की थैली में पथरी होना बहुत ही आम बात है, इससे भविष्य में गांठ या आगे चलकर कैंसर तक बनने की संभावना रहती है, जिसके कारण इससे पीड़ित रोगी को कई तरह की परेशानिया झेलनी पड़ सकती है। लेकिन अब पित्त की थैली में पथरी या गांठ से पीड़ित मरीज जयपुर दिल्ली हाइवे स्थित निम्स हॉस्पिटल में अपना सफल इलाज करा सकते हैं। हॉस्पिटल के गैस्ट्रो सर्जन विभाग के अनुभनी डॉक्टर्स और उनकी टीम ने आधुनिक चिकित्सा तकनीक से इस तरह की बीमारियों से पीड़ित मरीजों का सफल ऑपरेशन कर उन्हे नई जिंदगी दी है।

डॉ.साहिल गुप्ता एवं कुलभूषण हल्देनिया, जी आई सर्जन निम्स हॉस्पिटलए जयपुर ने बताया कि पित्त की थैली में पथरी या गांठ के होने पर मरीज को कई तरह की परेशानियां आने लगती है। शुरूआत में पेट में हल्का दर्द गैस की समस्या और खाना न पचने की शिकायत जैसे लक्षण सामने आते हैं। अगर इस तरह की किसी भी व्यक्ति को शिकायत होने लगे तो उसे तुरंत डॉक्टर्स से परामर्श और उपचार लेना चाहिएए क्योंकि अगर समय रहते बीमारी पर काबू नहीं पाया जाए तो ऐसे मरीजों को आगे चलकर कैंसर तक होने की पूरी संभावना रहती है। डॉ. बलवीर सिंह तोमर चेयरमैन निम्स हॉस्पिटल जयपुर ने बताया कि निम्स हॉस्पिटल में पित्त की थैली की पथरी तथा कैंसर जैसी बीमारियों का सफल इलाज किया जाता है। पिछले तीन महीनों में गैस्ट्रो सर्जरी विभाग के अनुभनी डॉ साहिल गुप्ताऔ र डॉ कुलभूषण हल्देनिया व अन्य टीम के सदस्यों ने 200 पित्त की थैली की पथरी और 10 पित्त की थैली के कैंसर से पीड़ित मरीजों का ऑपरेशन द्वारा सफल इलाज किया गया है।

## हाथी टीबा बी विकास समिति की कोर कमेटी की हुई मीटिंग



चौमूं (हमारा वतन) हाथी टीबा बी विकास समिति की कोर संचालक मंडल के पदाधिकारियों ने मीटिंग आयोजित हुई ।

मीटिंग में नगरपालिका चौमूं में आयोजित होने वाले जेडीए द्वारा कैंप के बारे में सदस्यों को सूचित किया गया तथा कॉलोनी में रोड तथा नाली के विकास हेतु जेडीए प्रशासन को सूचित करने हेतु निर्णय किया गया । साथ ही विकास समिति के पंजीकरण हो जाने की सूचना तथा कॉलोनी के रखरखाव व प्रबंधन हेतु समिति को रिकॉर्ड में दर्ज करने हेतु सूचित किया गया । कॉलोनी की रोड को बनाने हेतु भी आवेदन किया गया । इस दौरान समिति अध्यक्ष कैलाश चंद माली, कोषाध्यक्ष नरसी राम मीणा,सचिव हीरालाल सैनी, उपाध्यक्ष श्रवण कुमार जाट, राजेश प्रजापत ,भागीरथ डांगी, विकास अग्रवाल, नानूराम प्रजापत आदि उपस्थित रहे ।

## यस ने किया आरएएस परीक्षार्थियों हेतु सेवा कार्य




जयपुर (हमारा वतन) आरएएस परीक्षार्थियों हेतु यूथ एंपावरमेंट सोसायटी(यस) द्वारा निःशुल्क जलपान व्यवस्था, मास्क वितरण, मोबाइल एवम अन्य सामान जमा करवाने की व्यवस्था की गई।

यस सदस्या नम्रता एवम् वनीषा के अनुसार एनजीओ द्वारा दूर-दराज से रा.उ.मा. विद्यालय निवारू में आरएएस परीक्षा देने आने वाले परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी से बचाने के लिए यह व्यवस्था की गई।

यस सदस्य पंकज ने बताया की यस द्वारा जन कल्याण हेतु स्वास्थ्य जांच एवम् निःशुल्क दवा वितरण शिविरों, रक्तदान शिविरों का आयोजन, डेंगू के समय रक्त की उपलब्धता, निःशुल्क सैनिटरी पैड्स का वितरण तथा आवश्यकता मंद लोगों की सहायता के कार्य लगातार किए जाते रहते हैं।

## आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने के साथ, त्वचा में भी चमक लाता है ध्यान



ध्यान समग्र स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। मगर क्या आप जानती हैं कि यह आपकी त्वचा पर प्राकृतिक निखार भी ला सकता है? जानिए कैसे तनाव हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बन गया है, जो चेहरे को सबसे ज़्यादा प्रभावित करता है। बढ़ते हुये तनाव के कारण मुहांसे, झुर्रियां, शुष्क त्वचा और यहां तक कि बालों के झड़ना बेहद आम समस्याएं बन गयी हैं। ऐसे में ध्यान न सिर्फ आपके शारीरिक और मानसिक में सुधार करता है, बल्कि आपकी त्वचा में एक नई चमक ला सकता है। जी हां आपने सही सुना जामा इंटरनल मेडिसिन में अप्रैल 2015 में प्रकाशित शोध के अनुसार, माइंडफुलनेस और नियमित ध्यान करना, आपकी त्वचा का रंग सुधारता है।यह एक ऐसी क्रिया है, जो आपके समग्र स्वास्थ्य में सकारात्मक्ता लाती है और ऊर्जा प्रदान करती है। तो चलिये जानते हैं त्वचा संबंधी ध्यान करने के लाभ

1. **नकारात्मक्ता दूर करे**-आपके मन के नकारात्मक विचारों का प्रभाव सबसे पहले आपकी त्वचा पर दिखाई देता है। एक्जिमा, सोरायसिस, अन्य त्वचा रोगों का कारण मानसिक तनाव और डिप्रेशन है। शेफ़ील्ड विश्वविद्यालय के नए शोध में पाया गया है कि ध्यान करनें से सोरायसिस और एक्जिमा जैसे त्वचा रोग से बचने के लिए फायदेमंद है।

2. **एजिंग को धीमा कर सकता है**-प्रतिदिन केवल कुछ मिनटों के लिए ध्यान करने से आपके शरीर में ऊर्जा (जिसे प्राण भी कहा जाता है) आती है। ध्यान करते समय ध्यान से सांस लेने से त्वचा में ऑक्सीजन बढ़ती है, जो सेलुलर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण है। यह आपके रंग में सुधार करता है, झुर्रियों को कम करता है और उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को अंदर से धीमा कर देता है।

3. **त्वचा को जीवंत रखता है**-ध्यान करने से त्वचा में ऑक्सीजन बढ़ जाती है। यह बढ़ी हुई ऑक्सीजन आपकी त्वचा को फिर से जीवंत करती है, आपके शरीर की कोशिकाओं और ऊतकों को बदलते हुए आपके शरीर और दिमाग को संतुलित करती है। ध्यान रक्तचाप और तनाव से संबंधित दर्द जैसे सिरदर्द, अल्सर, अनिद्रा, मांसपेशियों में दर्द और जोड़ों की समस्याओं को भी कम करता है, जिससे आप युवा दिखती हैं और महसूस करती हैं।

4. **आत्मविश्वास बढ़ाए और मूड में सुधार करे**-अगर आप अंदर से खुश हैं, आपकी सेहत भी अच्छी है, तो आप खुद को और भी ज़्यादा कॉन्फिडेंट महसूस करेंगी। और यही अंदर का निखार और मन की खुशी आपके चहरे पर भी नज़र आएगी। ध्यान आपको शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखनें में मदद करता है, जिससे चेहरे पर निखार आता है और हमेशा कॉन्फिडेंट महसूस करेंगी।

5. **यह आपको शारीरिक तौर पर स्वस्थ रखता है**

ध्यान करने के कई शारीरिक लाभ भी हैं, जो आपको स्वस्थ रहने में मदद करते हैं। इसे करने की वजह आपका रक्त साफ होता है, शरीर में नई ऊर्जा का आवाहन होता है। यह आपको समग्र जीवनशैली को सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है, जिसका प्रभाव आपकी त्वचा और चेहरे पर भी नज़र आयेगा।

# धनतेरस पर होती है भगवान धन्वंतरि की पूजा, जानिए कौन हैं ये देव

कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि के दिन धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है। इस बार 2 नवंबर 2021 मंगलवार को है धन तेरस का त्योहार। इस दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा होती है। आओ जानते हैं कि श्री धन्वंतरिजी कौन हैं।

**कौन हैं धन्वंतरि देव :** धन्वंतरि को आयुर्वेद का जन्मदाता और देवताओं का चिकित्सक माना जाता है। भगवान विष्णु के 24 अवतारों में 12वां अवतार धन्वंतरि का था।

**धन्वंतरि के जन्म के संबंध में हमें तीन कथाएं मिलती हैं**

**1. समुद्र मन्थन से उत्पन्न धन्वंतरि प्रथम :** कहते हैं कि भगवान धन्वंतरि की उत्पत्ति समुद्र मंथन से हुए थी। वे समुद्र में से अमृत का कलश लेकर निकले थे जिसके लिए देवों और असुरों में संग्राम हुआ था। समुद्र मंथन की कथा श्रीमद्भागवत पुराण, महाभारत, विष्णु पुराण, अग्नि पुराण आदि पुराणों में मिलती है।



**2. धन्व के पुत्र धन्वंतरि द्वितीय :** कहते हैं कि काशी के राजवंश में धन्व नाम के एक राजा ने उपासना करके अज्ज देव को प्रसन्न किया और उन्हें वरदान स्वरूप धन्वंतरि नामक पुत्र मिला। इसका उल्लेख ब्रह्म पुराण और विष्णु पुराण में मिलता है। यह समुद्र मंधन से उत्पन्न धन्वंतरि का दूसरा जन्म था। धन्व काशी नगरी के संस्थापक काश के पुत्र थे। काशी वंश परंपरा में हमें दो वंशपरंपरा मिलती है। हरिवंश पुराण के अनुसार काश से दीर्घतपा, दीर्घतपा से धन्व धन्वे से धन्वंतरि, धन्वंतरि से केतुमान, केतुमान से भीमरथ, भीमरथ से दिवोदास हुए जबकि विष्णु पुराण के अनुसार काश से काशेय, काशेय से राष्ट्र, राष्ट्र से दीर्घतपा, दीर्घतपा से धन्वंतरि, धन्वंतरि से केतुमान, केतुमान से भीमरथ और भीमरथ से दिवोदास हुए।

**3.वीरभद्रा के पुत्र धन्वंतरि तृतीय :** गालव ऋषि जब प्यास से व्याकुल हो वन में भटकर रहे थे तो कहीं से घड़े में पानी लेकर जा रही वीरभद्रा नाम की एक कन्या ने उनकी प्यास बुझायी। इससे प्रसन्न होकर गालव ऋषि ने आशीर्वाद दिया कि तुम योग्य पुत्र की मां बनोगी। लेकिन जब वीरभद्रा ने कहा कि वे तो एक वेश्या है तो ऋषि उसे लेकर आश्रम गए और उन्होंने वहां कुश की पुष्पाकृति आदि बनाकर उसके गोद में रख दी और वेद मंत्रों से अभिमंत्रित कर प्रतिष्ठित कर दी वही धन्वंतरि कहलाए।

उपरोक्त में से प्रथम दो कथाएं ज्यादा मान्य है। प्रथम कथा के अनुसार देवता एवं दैत्यों के सम्मिलित प्रयास के शांत हो जाने पर समुद्र में स्वयं ही मंथन चल रहा था जिसके चलते भगवान धन्वंतरि हाथ में अमृत का स्वर्ण कलश लेकर प्रकट हुए। विद्वान कहते हैं कि इस दौरान दरअसल कई प्रकार की औषधियां उत्पन्न हुई और उसके बाद अमृत निकला।

हालांकि धन्वंतरि वैद्य को आयुर्वेद का जन्मदाता माना जाता है। उन्होंने विश्वभर की वनस्पतियों पर अध्ययन कर उसके अच्छे और बुरे प्रभाव-गुण को प्रकट किया। धन्वंतरि के हजारों ग्रंथों में से अब केवल धन्वंतरि संहिता ही पाई जाती है, जो आयुर्वेद का मूल ग्रंथ है। आयुर्वेद के आदि आचार्य सुश्रुत मुनि ने धन्वंतरिजी से ही इस शास्त्र का उपदेश प्राप्त किया था। बाद में चरक आदि ने इस परंपरा को आगे बढ़ाया।

कहते हैं कि धन्वंतरि लगभग 7 हजार ईसापूर्व हुए थे। वे काशी के राजा महाराज धन्व के पुत्र थे। उन्होंने शल्य शास्त्र पर महत्वपूर्ण गवेषणाएं की थीं। उनके प्रपौत्र दिवोदास ने उन्हें परिमार्जित कर सुश्रुत आदि शिष्यों को उपदेश दिए। दिवोदास के काल में ही दशराज्ञ का युद्ध हुआ था। धन्वंतरि के जीवन का सबसे बड़ा वैज्ञानिक प्रयोग अमृत का है। उनके जीवन के साथ अमृत का स्वर्ण कलश जुड़ा है। अमृत निर्माण करने का प्रयोग धन्वंतरि ने स्वर्ण पात्र में ही बताया था। उन्होंने कहा कि जरा-मृत्यु के विनाश के लिए ब्रह्मा आदि देवताओं ने सोम नामक अमृत का आविष्कार किया था। धन्वंतरि आदि आयुर्वेदाचार्यों अनुसार 100 प्रकार की मृत्यु है। उनमें एक ही काल मृत्यु है, शेष अकाल मृत्यु रोकने के प्रयास ही आयुर्वेद निदान और चिकित्सा हैं। आयु के न्यूनाधिक्य की एक-एक माप धन्वंतरि ने बताई है।

धनतेरस के दिन उनका जन्म हुआ था। धन्वंतरि आरोग्य, सेहत, आयु और तेज के आराध्य देवता हैं। रामायण, महाभारत, सुश्रुत संहिता, चरक संहिता, काश्यप संहिता तथा अष्टांग हृदय, भाव प्रकाश, शार्गधर, श्रीमद्भावत पुराण आदि में उनका उल्लेख मिलता है। धन्वंतरि नाम से और भी कई आयुर्वेदाचार्य हुए हैं। आयु के पुत्र का नाम धन्वंतरि था।

